प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज रांची में होगी पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक, बैंकिंग सुविधाएं, नक्सली जिले और राज्य बकाया सहित कई मुद्दों पर होगी चर्चा।
- देवघर में श्रावणी मेला का आज होगा विधिवत उद्घाटन, कल से शुरू होगी श्रद्धालुओं की आस्था यात्रा, सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने की तैयारियों की समीक्षा।
- जामताड़ा में स्वास्थ मंत्री ने डिग्री कॉलेज की रखी आधारशिला, कहा – अब जामताड़ा विकास और शिक्षा के नाम से जाना जाएगा।
- मौसम विभाग ने राज्य के 5 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम के सभी स्कूल बंद रखने का प्रशासन ने दिया आदेश।
- रांची में 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी चौंपियनशिप के कल सातवें दिन खेले गए रोमांचक मुकाबले, यूपी और हरियाणा ने दर्ज की जीत, महाराष्ट्र–पंजाब का मुकाबला ड्रॉ।

*********************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रांची पहुंचे, जहां वे 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में यौन अपराधों की त्वरित जांच के लिए फास्ट–ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रत्येक गांव में बैंकिंग सुविधाएं, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सहकारी व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विचार किया जाएगा। झारखंड की ओर से केंद्र के पास लंबित बकाया राशि, नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष सहायता और एसआरई फंड की बहाली की मांग उठाई जा सकती है। बैठक में बिहार के साथ परिसंपत्ति और देनदारी के बंटवारे तथा पश्चिम बंगाल के साथ जल बंटवारे के मुद्दे भी एजेंडे में शामिल हैं।

*********************

विश्व प्रसिद्ध बासुकीनाथ श्रावणी मेला कल से शुरू हो रहा है, जबकि इसका विधिवत उद्घाटन आज झारखंड सरकार के मंत्री संजय यादव, सुदिव्य कुमार और दीपिका पाण्डेय सिंह करेंगे। श्रावणी मेला 9 अगस्त तक चलेगा, जिसमें देश–विदेश से हजारों भक्त बासुकीनाथ पहुंचेंगे।

दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खरवार ने कल मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों की अंतिम समीक्षा की। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जलार्पण मार्ग, आवासन और मंच व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

इधर देवघर के नावाडीह आरओबी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने श्रावणी मेला के दौरान सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से सर्विस रोड का कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। साथ ही आरओबी के दोनों ओर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए होमगार्ड की तैनाती के निर्देश दिए।

*********************

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने राज्य के सात राजनीतिक दलों से शपथ पत्र और लिखित पक्ष मांगा है। इन दलों में भारत विकास मोर्चा, भारतीय जनमुक्ति पार्टी, मानव मुक्ति मोर्चा, नौजवान संघर्ष मोर्चा, जनसाधारण पार्टी, झारखंड विकास दल और राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी शामिल हैं। इन दलों ने पिछले छह वर्षों से किसी भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव में भाग नहीं लिया है, जिससे कई का अस्तित्व भी समाप्त माना जा रहा है। इन्हें 15 जुलाई तक शपथ पत्र जमा करने और 22 जुलाई को सुनवाई के लिए आयोग ने समय निर्धारित किया है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में जवाब न देने वाले दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

जामताड़ा के नारायणपुर प्रखंड के रामपुर नारोडीह में स्वास्थ मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने डिग्री कॉलेज की आधारशिला रखी। मौके पर मंत्री ने कहा कि यह कॉलेज क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी और अब स्थानीय बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जामताड़ा अब साइबर नहीं, बल्कि शिक्षा और विकास के लिए पहचाना जाएगा।

*********************

लोहरदगा जिला में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य के पांच जिलों– पलामू, चतरा, लातेहार, कोडरमा और हजारीबाग में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका जताई गई है।
भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में 12वीं तक के सभी स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया है।
प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

*********************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप के सातवें दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए जिन में महाराष्ट्र और पंजाब के बीच मुकाबला 1–1 गोल से ड्रॉ रहा, जबकि उत्तरप्रदेश ने चंडीगढ़ को 4–0 से हराया। हरियाणा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए आंध्रप्रदेश को 4–2 से हराया।

*********************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आज रांची पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की रिपोर्ट और रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक की खबर को सुर्खी बनाया है।
हिन्दुस्तान ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक और झारखंड में तीन हजार एक सौ इक्यासी एएनएम की नियुक्ति किए जाने को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक जागरण की सुर्खी है – पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में 20 एजेंडों पर आज होगी चर्चा, रांची पहुंचे अमित शाह।
और
दैनिक भास्कर लिखता है– चारा घोटाला से जुड़े देवघर ट्रेजरी से अवैध निकासी मामले में फिर बढ़ेंगी लालू की मुश्किलें, हाईकोर्ट में याचिका मंजूर।

*********************